मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# एसोसिएट प्रोफेसर और मर्चेंट नेवी अधिकारी के मकान में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैरपुर निवासी प्रोफेसर परिवार के साथ गए थे वाराणसी
- मर्चेंट नेवी अधिकारी होली मनाने पैतृक आवास चले गए थे

**अमृत विचारः** सैरपुर इलाके की ज्ञान सिटी कालोनी में भाषा विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर प्रवीण राय के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने 15 लाख के जेवर, नकदी समेत 25 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात उस समय हुई जब वे बीमार रिश्तेदार को देखने के लिए परिवार के साथ वाराणसी गए थे। वहीं, मोहनलालगंज स्थित डॉन बास्को कालोनी में मर्चेंट नेवी अधिकारी शैलेंद्र कुमार के घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत 10 लाख का माल चोरी कर लिया। पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है।

अल्लूनगर डिगुरिया स्थित ज्ञान सिटी कॉलोनी निवासी डॉ. प्रवीण राय एसोसिएट प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को वे वाराणसी स्थित अपने पैतृक आवास गए थे। गुरुवार को वापस लौटे। घर का मुख्य गेट खोलकर भीतर दाखिल हुए तो सभी कमरों और अलमारियों के लॉक टूटे पड़े मिले। सारा सामान बिखरा पड़ा था। छानबीन करने पर पता चला कि चोर अलमारी में रखे करीब एक लाख रुपये, सोने चांदी के जेवर, विदेशी घड़ी, लैपटॉप समेत 25 लाख का माल समेट ले गए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही सैरपुर पुलिस पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर छानबीन की। एसओ मनोज कुमार कोरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है। वहीं, मूल रूप से कानपुर देहात निवासी मर्चेंट नेवी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मोहनलालगंज के डॉन बास्को कालोनी में रहते हैं। वे परिवार संग सोमवार को होली मनाने के लिए गृह जनपद कानपुर देहात गए थे। शुक्रवार सुबह घर का ताला टूटा पड़ा देखकर पड़ोसियों ने फोन कर उन्हें सूचना दी। जानकारी मिलते ही दोपहर में वे घर पहुंचे तो कमरे समेत अलमारियों और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोर 10 हजार रुपये और जेवर समेत करीब 10 लाख का माल चोरी कर ले गए। मोहनलालगंज पुलिस ने छानबीन कर चली गई। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि शैलेंद्र के भतीजे विशेष यादव ने की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।


चोरी के बाद बिखरा सामान।

## दुकान से उपकरण ले गए चोर

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी स्थित अयोध्या रोड पर लकी फैब्रिकेटर्स दुकान में चोरों ने धावा बोला। टीन शेड की चादर काटकर दुकान से कीमती उपकरण चोरी कर लिए। दुकान संचालक मनोहर प्रसाद ने बताया कि चोरी हुए माल की कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पीड़ित ने बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** हसनगंज पुलिस ने जानलेवा हमले के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अभिजीत जोशी जोशीटोला का रहने वाला है।

इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि 1 जनवरी को सुजीत जोशी ने राहुल, ललित, अमित, अभिजीत व सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि आरोपियों ने पीड़ित के भाई पर रॉड व धारदार हथियार से हमला किया। पुलिस पूर्व में चार आरोपी भाइयों को जेल भेज चुकी है।

# तेल टैंकर की टक्कर से मैकेनिक की मौत

## रिश्तेदारों के घर से लौटते समय दानखेड़ा पुलिया के पास हुआ हादसा

संवाददाता, माल

**अमृत विचारः** रिश्तेदारों के घर होली मिलकर लौट रहे बाइक सवार मैकेनिक को रुदानखेड़ा पुलिया के पास पेट्रोल टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। माल पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है।


मृतक विशाल शर्मा।

ग्राम पंचायत रामनगर के आजाद नगर निवासी विशाल शर्मा (23) बाइक मैकेनिक था। परिवार में पिता सुरेंद्र, मां उर्मिला, छोटा भाई अभिमान, बहन तमन्ना और दो विवाहित बहनें हैं। चाचा जगतपाल ने बताया कि विशाल गुरुवार को नाते-रिश्तेदार के घर बाइक से होली मिलने गया था। रात करीब 3 बजे लौटते समय माल-अतरौली मार्ग स्थित रुदानखेड़ा पुलिया के पास पीछे से पेट्रोल टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरा। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। कुछ देर में पहुंची पुलिस ने घायल विशाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि तेल टैंकर को सीज कर दिया गया है। पिता सुरेंद्र शर्मा की तहरीर पर टैंकर के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


रोते बिलखते मैकेनिक विशाल के परिवार के लोग और रिश्तेदार। अमृत विचार

## बाइक की टक्कर से गई मदरसा प्रिंसिपल की जान

अमृत विचार, लखनऊ : काकोरी इलाके में दवा लेने के लिए सड़क पार कर रही मदरसे की प्रिंसिपल को बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रिंसिपल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गई। काकोरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। अंधे की चौकी सिकरौल निवासी फातिमा खान (39) मदरसे की प्रिंसिपल थी। परिवार में पति शाहिद अनवर और दो बेटियां हैं। परिजन ने बताया कि 3 मार्च की शाम फातिमा की तबीयब खराब हो गई। वह घर के पास एक निजी अस्पताल में दवा लेने के लिए घर से निकली थी। घर के पास सड़क पार करते समय सामने से बाइक सवार ने फातिमा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क पर दूर जा गिरी। सिर में चोट लगने से फातिमा बुरी तरह घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार तीन लोग मौके से भाग निकले। घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। घायल फातिमा को गंभीर हालत में पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख घायल को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह आठ बजे इलाज के दौरान फातिमा की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि जिस बाइक ने महिला को टक्कर मारी थी, उसपर तीन लोग सवार थे। बाइक सवारों की तलाश की जा रही है। मृतका के परिजन ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


फातिमा खान।

## वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज में साधन पकड़ने के लिए सड़क पार कर रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गोसाईंगंज स्थित खजुआ रसूलपुर निवासी दीपक कुमार (25) मजदूरी करता था। भाई सूरज ने बताया कि दीपक मजदूरी के लिए गुरुवार को अमेठी गया था। शाम करीब 5 शाम बजे घर वापस लौटते समय साधन पकड़ने के लिए पैदल सड़क पार कर दूसरी तरफ जा रहा था। तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सीएचसी पहुंचाते हुए उसके मोबाइल से घरवालों को सूचना दी। सीएचसी पर हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने घायल को ट्रामा सेंटर रेफर किया, जहां दीपक की मौत हो गई। सूरज ने बताया कि भाई दीपक की शादी की बात चल रही थी। तीन भाइयों में वह सबसे बड़ा था।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टांप शुल्क की रकम पर ब्याज देगा बिल्डर

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली की पैरामाउंड प्रो. बिल्ड प्रालि. को स्टांप शुल्क जमा कराने के बाद फ्लैट की रजिस्ट्री न करना महंगा पड़ गया। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष/न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष सुधा ने मामले की सुनवाई करते हुए बिल्डर को स्टांप पेपर की जमा धनराशि 4,55,500 रुपये पर आठ फीसद वार्षिक ब्याज अदा करने का आदेश दिया है। 11 जनवरी 2016 को लखनऊ के जगत नारायण रोड निवासी अधिवक्ता आरिफ खान की पत्नी सुरैया बेगम ने नोएडा में पैरामाउंट फ्लोरा विला प्रोजेक्ट के सेल्सिया टावर के प्रथम तल पर 3 बीएचके फ्लैट खरीदा था। फ्लैट की कुल कीमत 70 लाख रुपये संपूर्ण भुगतान किया। इसमें पार्किंग शुल्क भी शामिल था। बिल्डर ने फ्लैट आवंटन पत्र देने के बाद कब्जा दे दिया। रजिस्ट्री कराने के लिए 28 जुलाई 2016 को 4,55,500 रुपये स्टांप शुल्क जमा कराया। इस बीच सुरैया की मृत्यु हो गई और फ्लैट का आवंटन 3 सितंबर 2019 को आरिफ के नाम हस्तांतरित कर दिया। संपूर्ण भुगतान होने पर बिल्डर ने रजिस्ट्री नहीं की। बल्कि रखरखाव शुल्क बिजली बिलों के माध्यम से बढ़ाकर लगा दिया। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय में परिवाद दायर किया, लेकिन राहत नहीं मिली।

# शाहजहांपुर में सड़क हादसे में लखनऊ के दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार से हरिद्वार जाते समय हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

**अमृत विचारः** मीरानपुर कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार खड़े ट्रक से टकरा गयी, जिससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और चारों घायलों को कार का दरवाजा तोड़कर बमुश्किल से बाहर निकाला। पुलिस ने चारों को कटरा सीएचसी पर भेजा। डाक्टर ने चारों घायलों को बरेली रेफर कर दिया। जहां दो युवकों की बरेली में एक अस्पताल में मौत हो गयी। दोनों मृतक लखनऊ के रहने वाले थे।

लखनऊ के हसनगंज थाना क्षेत्र के डालीगंज निवासी अमित वर्मा (28) मान सिंह (27), राहुल (28 ) और विशाल (27) कार से हरिद्वार जा रहे थे।गुरुवार की रात 3 बजे कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर चौधरी ढाबे के सामने कार एक बस से टकराकर अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार में सवार चारों दोस्त घायल हो गए। मौके पर पहुंचे कटरा थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने दरवाजा तोड़कर युवकों को कार से निकलवाकर बरेली के अस्पताल में भेज दिया। वहां इलाज के दौरान अमित और मानसिंह की मौत हो गई। राहुल और विशाल का इलाज चल रहा है। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिवार के लोग बरेली पहुंच गए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक के खाते से निकाले 1.78 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जी चालान का मैसेज कर साइबर जालसाज ने युवक के खाते से 1.78 लाख रुपये पार कर दिए। गोसाईंगंज के मोहारीकला निवासी शरद चंद्र का खाता बैंक ऑफ इंडिया खुजौली शाखा में है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी मोबाइल पर एक कार चालान का मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करते ही 1 और 2 मार्च को उनके खाते से आठ बार में 1.78 लाख रुपये निकल गए। पीड़ित को ठगी की जानकारी तब हुई जब वेतन के लिए अकाउंट चेक किया। गोसाईंगंज इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# कड़ी सुरक्षा में हुआ ससुर-दामाद के शवों का अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक्सयूवी चालक होटल संचालक गिरफ्तार, पुलिस के समझाने से टला प्रदर्शन

**अमृत विचारः** किसान पथ के आउटर रिंग रोड स्थित बुद्ध खेड़ा गांव के पास बुलेट सवार ससुर-दामाद को एक्सयूवी से रौंदने वाले होटल संचालक को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक्सयूवी के नंबर के आधार पर आरोपी को पकड़ा। आरोपी शिवम चौहान ओयो से अटैच होटल का संचालन करता है। वहीं, शुक्रवार को दोपहर बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गोपाल खेड़ा में दोनों के शवों का अंतिम संस्कार हुआ। हंगामे व प्रदर्शन की आशंका पर पुलिस ने पीड़ित परिजन को समझा-बुझाकर पहले ही शांत करा दिया था।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शिवम चौहान खुर्दही बाजार का रहने वाला है। मृतक के परिजन की तहरीर पर शिवम चौहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले मुन्नीलाल (60) मोहनलालगंज के गोपाल खेड़ा के रहने वाले थे। वह अपने दामाद सुशील (40) और बेटी बबली उर्फ सीमा के साथ गुरुवार दोपहर बुलेट से रिश्तेदार के घर होली मिलन पर जा रहे थे।

इस बीच बुद्धूखेड़ा गांव के पास गलत दिशा से 100 किमी की रफ्तार में फर्राटा भर रही एक्सयूवी कार ने बुलेट में टक्कर मार दी थी। हादसे में ससुर दामाद की मौत हो गई थी। वहीं, बबली गंभीर रूप से घायल हो गई थी। शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिवारवाले व ग्रामीण शव लेकर गोपालखेड़ा पहुंचे। वहां उन्होंने शव रखकर प्रदर्शन की कोशिश की थी। जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी कई थानों के पुलिस बल और पीएसी के साथ पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित परिवारवालों को आरोपी की फोटो दिखायी। बतायी कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही हर संभव परिवार को मदद का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन का आक्रोश खत्म हुआ। पुलिस सुरक्षा के बीच दोनों शव का अंतिम संस्कार किया गया। रात तक पुलिस बल गांव में मुस्तैद रहा।


परिजन और ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## युवक को पीटा और जिंदा जलाने की धमकी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के लोनहा निवासी इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले आजाद कुमार के मुताबिक बुधवार शाम वह अपनी ससुराल मलिहाबाद के शिरगामऊ, कसमंडी कला से अपने दोस्त रोहित गौतम और अंकित राजपूत के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। आरोप है कि सरोजनीनगर स्थित हुल्लीखेड़ा के पास मिले सूरज, केडी और उनके अन्य सात आठ साथियों ने रास्ते में रोक लिया। उसे धमकी दी कि अपने भाई राज बहादुर को समझ लो, नहीं तो उसे मार डालेंगे। पीड़ित के मुताबिक जब उसने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। साथी रोहित ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। इस दौरान आरोपियों ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसकी आंख सिर और चेहरे व हाथ पैर पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान बाइक से पेट्रोल निकाल कर उसे जिंदा जलाने व गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित आजाद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राजमिस्त्री ने किशोरी से किया दुष्कर्म, धमकाया भी

अमृत विचार, निगोहां : नगराम में गुरुवार को 13 वर्षीय किशोरी को राजमिस्त्री बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। घर पहुंची किशोरी ने आपबीती परिजन को बतायी। पुलिस ने मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़िता का जल्द ही मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा। थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। महिला ने बताया कि गुरुवार को वह बकरी चराने गई थी। घर पर उसकी 13 वर्षीय बेटी और बेटा था। इस बीच पड़ोस में रहने वाला राजमिस्त्री अवधेश उसके घर आया। बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोप है कि घर पर आरोपी अवधेश ने किशोरी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने किशोरी को धमकाया और फिर भाग गया। किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची। बकरी चराकर घर लौटी मां को किशोरी ने आपबीती बताई। यह सुनकर महिला के पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़िता बेटी को लेकर थाने पहुंची। एसओ नगराम से मुलाकात कर सारी बात बतायी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मां की तहरीर पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## सिटी डायरी

### निगोहां में निकाली श्रीकृष्ण ध्वज यात्रा



श्रीकृष्ण ध्वज यात्रा में शामिल झांकी।

अमृत विचार, निगोहां : ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला और भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला विंदेश्वरी की देखरेख में शुक्रवार को श्रीकृष्ण ध्वज यात्रा निकाली गई। इसमें श्रीकृष्ण सहित देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। बाजपेयी खेडा गांव स्थित बिंधेश्वरी धाम से शुरू हुई यात्रा दयालपुर, भद्दी सिर्ष, मदापुर, मस्तीपुर, भावाखेड़ा होते हुए निगोहां कस्बे पहुंची। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं के साथ यात्रा का स्वागत किया। जैसे ही ध्वज यात्रा निगोहां कस्बा नगराम मोड़ पहुंची, वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने फूल बरसाकर और आतिशबाजी करते हुए यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुकेश द्विवेदी, विमल सिंह, मुकेश मिश्रा, सत्येंद्र , दिलीप मिश्रा, समेत , गुलाम गौस, सफात अली, मोइन खान, गुलजार, शकील सहित कई लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।


अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत करते आयोजक।

### रोजा इफ्तार व होली मिलन समारोह हुआ

अमृत विचार, लखनऊ : गुडंबा के पहाड़पुर में शुक्रवार को रोजा इफ्तार व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक-मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार मुख्य अतिथि और सांसद डॉ. जगदम्बिका पाल विशेष अतिथि रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। डॉ. सईद अहमद, डॉ. शौकत, मकसूद, अजहरुद्दीन, मनोज श्रीवास्तव, अंसार अहमद, विवेक यादव, अखिलेश तिवारी और अधिवक्ता शिवकुमार सिंह उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि इफ्तार और होली मिलन जैसे कार्यक्रम समाज में सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाने का अवसर होते हैं।


स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### स्थापना दिवस मनाया

अमृत विचार, लखनऊ: भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 176वें स्थापना दिवस अलीगंज स्थित उत्तरी मुख्यालय के कार्यालय परिसर में मनाया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र के अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष राजिन्दर कुमार की अध्यक्षता में हुए समारोह में मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त अधिकारी शामिल हुए। सेवानिवृत्त उप महानिदेशक ईए खान भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण स्थापना दिवस समारोह मुख्य अतिथि थे। शुभारम्भ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के संस्थापक सर थामस ओल्धम तथा स्वतंत्रता के बाद भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के प्रथम निदेशक डॉ. एमएस कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन किया गया।


कथा में मौजूद मंत्री असीम अरुण और अन्य लोग।

### राधा माधव कथा सुनने पहुंचे मंत्री असीम

अमृत विचार,गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी के दयाल बाग में दिव्य प्रेम सेवा मिशन की ओर से आयोजित माधव कथा के दूसरे दिन देवी माहेश्वरी ने कथा सुनाई। प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण, मिशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश सिंह दयाल भी कथा सुनने पहुंचे। असीम ने मिशन के सेवा प्रकल्पों की प्रशंसा की।

तैयारी | सीएमओ ने प्रस्ताव बनाकर विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा

# पांच सीएचसी में ट्रॉमा केयर सपोर्ट सेंटर के लिए मांगे पांच करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में घायलों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए हाईवे से सटे पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को ट्रॉमा केयर सपोर्ट सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने इसकी कवायद तेज कर दी है। सीएमओ की ओर से करीब तीन करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि जिले के मोहनलालगंज, काकोरी, चिनहट, गोसाईंगंज और सरोजनीनगर स्थित सीएचसी को ट्रॉमा केयर सपोर्ट सेंटर के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र को विकसित करने में लगभग 50 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में कुल 20 सीएचसी हैं, जिनमें आठ शहरी और 12 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। हाईवे से जुड़े इन पांच केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर उन्नत करने की योजना बनाई गई है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तत्काल उपचार मिल सके।

योजना के तहत प्रत्येक केंद्र में पांच बेड का आईसीयू स्थापित किया जाएगा और विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। साथ ही 24 घंटे पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

सीएमओ के मुताबिक, केंद्रों को ट्रॉमा केयर सपोर्ट सेंटर में बदलने से पहले सड़क और परिवहन से जुड़े मानकों की जांच के लिए परिवहन विभाग से अनुमति ली जाएगी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद निर्माण और अन्य आवश्यक कार्य शुरू किए जाएंगे। इससे दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सकेगा और गंभीर मामलों में रेफर करने से पहले जरूरी प्राथमिक उपचार उपलब्ध हो पाएगा।

## केजीएमयू में सुरक्षा कर्मियों की फौज, फिर हो गया अतिक्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन परिसर की सुरक्षा पर हर महीने लाखों रुपये खर्च कर रहा है। बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बावजूद परिसर में अतिक्रमण हो गया। नेत्र रोग विभाग के पीछे स्थित मजार के आसपास की जमीन पर अवैध रूप से बैरिकैडिंग लगाकर कब्जा कर लिया गया। कब्जा दिन में किया गया, इसके बावजूद सुरक्षाकर्मियों ने रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। केजीएमयू प्रशासन ने चौक कोतवाली को पत्र भेजकर बैरिकैडिंग हटवाने की मांग की है। केजीएमयू परिसर में बनी छह मजारों को हटाने के लिए प्रशासन नोटिस चस्पा करवा चुका है। रमजान को देखते हुए कार्रवाई को टाल दिया गया था। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने के साथ कब्जा हटवाने के लिए पुलिस को पत्र लिखा गया है।

# ईरान को बचाने के लिए हमारी उंगली ट्रिगर पर | कुर्द ईरान में घुसे तो सारे ठिकाने तबाह कर देंगे

दोहा, एजेंसी

- हूती नेता अब्दुल मलिक ने कहा- अपनी जरूरत पड़ने का कर रहे हैं इंतजार

यमन के हूती नेता अब्दुल मलिक अल हूती ने शुक्रवार को एलान किया कि अगर ईरान को बचाने में उनकी जरूरत पड़ी तो समूह की उंगलियां हमेशा ट्रिगर पर रहेंगी। अल हूती ने कहा, हम ईरान के साथ हैं और हमारे हाथ हमेशा ट्रिगर पर हैं। हम अपनी जरूरत पड़ने का इंतजार कर रहे हैं।

हूती नेता ने कहा कि इजराइल और उसके सभी साथी बिना किसी रोकटोक या प्रतिबद्धता के देश के आजाद लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ रहे हैं। दुश्मन अपने विरोधियों की सूची बना रहा है। कुछ अरब देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है और हथियार जमा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम इजराइल और अमेरिका का सामना करने के लिए ईरान का समर्थन करने को पूरी तरह तैयार हैं। यह समूह इस संवेदनशील समय में एक जरूरी संदेश देगा और इसका मकसद ईरानी जनता के लिए यमनी लोगों के पूरे समर्थन को फिर से पक्का करना होगा। इससे पहले गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकराव के नये मामले में फंसने से रोकने के महत्व पर जोर दिया।

ग्रंडबर्ग ने कहा, किसी भी पक्ष को देश को ऐसे बड़े झगड़े में धकेलने का हक नहीं है जिससे यमनी लोगों को और तकलीफ हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार ने भी हूतियों को ईरानी एजेंडा के समर्थन में किसी भी सैन्य अभियान में शामिल होने या पड़ोसी देशों या अंतरराष्ट्रीय हितों को लक्ष्य करने के लिए यमनी इलाके का इस्तेमाल करने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

## ईरान-अमेरिका इजराइल की जंग में कूदने को तैयार नए समूह



ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के विरोध में फिलीपींस की राजधानी मनीला में लोगों ने अमेरिकी दूतावास पर प्रदर्शन किया।

तेहरान, एजेंसी

- ईरान ने कुर्द समूहों को दी अमेरिका के उकसावे में न आने की दी चेतावनी

ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनके सभी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।

रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है। अहमदीन ने कहा, हम इराक के कुर्दिस्तान में अपने दोस्तों और भाइयों को आगाह करते हैं कि अब तक इस क्षेत्र में केवल अमेरिका, इजराइल और अलगाववादी समूहों के ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है लेकिन, यदि उन्हें ईरान में प्रवेश करने, साजिश रचने या अपनी उपस्थिति जारी रखने की अनुमति दी गई तो इराक के कुर्दिस्तान की सभी सुविधाओं को व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जाएगा।

ईरान के खुफिया मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि देश की सशस्त्र सेनाओं ने इराक से लगी पश्चिमी सीमा के पास मौजूद अलगाववादी समूहों के ठिकानों और सुविधाओं के एक बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया है और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार बयान में कहा गया कि यह पूर्व-निवारक सैन्य अभियान उसकी सेनाओं और ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स की सेनाओं द्वारा संयुक्त रूप से अंजाम दिया गया।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

### प. एशिया से 14,992 यात्री भारत लौटे

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले के बाद पश्चिम एशिया में फंसे 14,992 यात्री अब तक भारत लौटे हैं। ये यात्री विभिन्न भारतीय तथा विदेशी विमान सेवा कंपनियों की उड़ानों में भारत आए हैं। इनमें 7,205 5 मार्च को देश लौटे हैं जब एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ एयर इंडिया और अकासा ने भी पश्चिम एशिया के विभिन्न शहरों से नियमित उड़ानें शुरू कीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 6 मार्च को पश्चिम एशिया से 51 उड़ानों का परिचालन किया गया। मंत्रालय के सोशल मीडिया पोस्ट में 278 उड़ानों के रद्द रहने की जानकारी दी गई है। बताया गया है कि पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से यात्रियों की 1,881 शिकायतों का समाधान मंत्रालय स्थित यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष द्वारा किया गया है।

### लंदन: ईरान के लिए जासूसी, चार पकड़े

**लंदन।** लंदन पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यहूदी समुदाय की जासूसी करके ईरान की मदद करने के संदेह में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार इन संदिग्धों में एक ईरानी और तीन ब्रिटिश-ईरानी दोहरी नागरिकता वाले व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 22, 40, 52 और 55 वर्ष की आयु के इन पुरुषों को उत्तरी लंदन और उसके आसपास के इलाकों से देर रात गिरफ्तार किया गया। आसपास की अन्य संपत्तियों की भी तलाशी ली जा रही है। लंदन में आतंकवादरोधी पुलिस इकाई की प्रभारी कमांडर हेलेन फ्लैनगन ने कहा, हम यह बात समझते हैं कि यहूदी समुदाय इस घटना से चिंतित हो सकता है। हमेशा की तरह मैं उनसे सतर्क रहने का अनुरोध करती हूं और यदि उन्हें कुछ भी संदिग्ध दिखाई दे या सुनाई दे तो तुरंत हमसे संपर्क करें। ये गिरफ्तारियां ऐसे समय पर हुई हैं जब अमेरिका और इजराइल लगातार ईरान पर हमले कर रहे हैं।

# भीषण धमाकों से गूंजे ईरान के कई शहर तेल अवीव पर भी बरसे ड्रोन-मिसाइलें

## इजराइल ने तेहरान में बाजारों और रिहायशी इलाकों को भी बनाया हवाई हमलों का निशाना


तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी

- 50 फाइटर जेट ने हमला कर तबाह किया खामेनेई का पुराना बंकर
- हिजबुल्ला ने इजराइलियों को सीमाई इलाका खाली करने को कहा

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के सातवें दिन दोनों पक्षों ने एक दूसरे के ठिकानों पर जमकर हमले किए। इजराइल ने तेहरान में बड़े पैमाने पर हमलों की लहर शुरू की है। सीएनएन और अलजजीरा के अनुसार, शहर में बड़े धमाके हुए हैं और मोटा काला धुआं उठ रहा है। इस हमले में एक व्यस्त शॉपिंग स्ट्रीट और रेजिमेंटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया गया। तेहरान के लोगों ने इसे सबसे खराब रात बताया। इस बीच इजराइली बल ने दावा किया है कि उसके 50 फाइटर जेट ने हमला कर खामेनेई के पुराने बंकर को तबाह कर दिया है। जवाब में ईरान ने भी इजराइल के तेल अवीव में ड्रोन और मिसाइलों की बरसात की।

अमेरिका और इजराइल ने सातवें दिन तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर भीषण हवाई हमले किए। इजराइली सेना ने बताया कि उसने तेहरान में ईरानी सरकार के बुनियादी ढांचों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली सैन्य प्रमुख इयाल जमीर ने कहा कि शनिवार को शुरू हुए अमेरिका-इजराइल के संयुक्त अभियान के बाद से इजराइल के लड़ाकू विमान लगभग 2,500 हमले कर चुके हैं और 6,000 से अधिक बम गिराए जा चुके हैं। इजराइल ने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर भी हवाई हमले किए और कमांड सेंटर और 10 बहुमंजिला इमारतों को निशाना बनाया गया है। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के एक बयान के अनुसार, ये हमले बेरूत के उपनगरीय इलाके दाहियेह में किए गए। यहां हिजबुल्ला के एक कार्यकारी परिषद कमांड सेंटर और ड्रोन भंडारण सुविधा को नष्ट कर दिया गया, जिनका उपयोग इजराइल पर हमले करने के लिए किया जा रहा था।

ईरान ने भी इजरायल पर बड़ा जवाबी हमला किया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के अनुसार, ईरान ने तेल अवीव के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़ी संख्या में यूएवी (ड्रोन) और खैब'' मिसाइलें दागी हैं। आईआरजीसी के हवाले से बताया गया कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत नए हमले शुरू हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी कि ईरानी हमले में अब तक कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हुए हैं। इधर हिज्बुल्ला ने लेबनान की सीमा से लगे पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले इजराइल के नागरिकों को शहरों को छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर चले जाने के लिए कहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार हिज्बुल्ला ने यह चेतावनी हिब्रू में अपने टेलीग्राम चैनल पर एक संदेश साझा कर दी।


हवाई हमलों में तेहरान में तहस-नहस हुई एक इमारत पर लहराता ईरानी झंडा।

### राष्ट्र की संप्रभुता से समझौता नहीं करेंगे: पेजेशकियान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने शुक्रवार को मध्यस्थता की बात पर कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए, जिन्होंने इस संघर्ष की आग भड़काई है। पेजेशकियान ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा, हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हम क्षेत्र में स्थाई शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन अपने राष्ट्र की गरिमा और संप्रभुता की रक्षा करने में पीछे नहीं हटेंगे।

## आखिरी गोली तक लड़ेंगे, निशस्त्र जहाज पर हमले की सजा जरूर देंगे

- ईरान के उपविदेश मंत्री ने कहा- यह टकराव अब ईरान के अस्तित्व का युद्ध

**नई दिल्ली।** ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान का टकराव अब तेहरान के लिए अस्तित्व का युद्ध बन गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने पूरी तरह झूठ की बुनियाद पर ईरान पर हमला किया और तेहरान के पास उन्हें आखिरी गोली तक जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत का डुबोए जाने का हवाला देते हुए खतीबजादेह ने चेतावनी दी कि बिना शस्त्र वाले जहाज पर हमले की सजा जरूर दी जाएगी। ईरान के उप विदेश मंत्री ने 'रायसीना संवाद' में एक सत्र के दौरान और बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, सऊदी अरब से लेकर ओमान तक सभी जानते हैं कि यह इजराइल का युद्ध है। इजराइल ने अमेरिकियों को इस युद्ध में घसीटा है क्योंकि उन्हें ग्रेटर इजराइल का भ्रम है। खाड़ी देशों को पता है कि इस युद्ध का उद्देश्य इजराइलियों को उस भ्रम को आगे बढ़ाने से रोकना है। उन्होंने दलील दी, क्या देशों के बीच समस्याओं के समय राष्ट्राध्यक्ष को निशाना बनाया जाना चाहिए, यह अभूतपूर्व है। अगर यह नया नियम बन जाता है तो यह बेहद खतरनाक है।

### न्यूयॉर्क का मेयर नहीं चुन सकते ईरान पर थोपना चाहते हैं नेतृत्व

खतीबजादेह ने ट्रंप द्वारा ईरान में नेतृत्व बदलने की मांग के सवाल पर कहा, कोई व्यक्ति जो न्यूयॉर्क का महापौर भी नहीं चुन सकता, वह ईरान के नेतृत्व पर अपनी बात रखना चाहता है। उन्होंने कहा, ट्रंप घर में लोकतंत्र चाहते हैं लेकिन विदेशों में चुनी हुई सरकारों को गिराना चाहते हैं। खतीबजादेह ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं किया है और शिपिंग रोक दी है क्योंकि बीमाकर्ता जहाजों को कवर करने से इन्कार कर रहे हैं।


हिजबुल्ला के विरुद्ध इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरुत में बरसाए बम।

### कोच्चि में ईरानी पोत को दी आपात डॉकिंग की मंजूरी चालक दल को भी ठहराया

- जहाज में तकनीकी खराबी आने के बाद ईरान ने किया था आग्रह

**नई दिल्ली।** भारत ने कोच्चि में एक ईरानी पोत को आपातकालीन स्थिति में खड़े होने की अनुमति दी है और इसके चालक दल के 183 सदस्यों के लिए ठहरने की व्यवस्था की है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि 'आइरिस लावन' नामक पोत में तकनीकी समस्याएं पैदा होने के बाद ईरानी पक्ष के अनुरोध के बाद एक मार्च को इसे आपातकालीन डॉकिंग की मंजूरी दी गई।

श्रीलंका के अपतटीय क्षेत्र में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा टॉरपीडो दागकर ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबोए जाने से कुछ दिन पहले ईरान की ओर से 'आइरिस लावन' के संबंध में भारत से संपर्क किया गया था। सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका के दक्षिण में 'आइरिस डेना' पर हुए हमले से कुछ दिन पहले, ईरान ने भारत से 'आइरिस लावन' को शरण देने का अनुरोध किया था, जो 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू' के लिए उस क्षेत्र में मौजूद था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध 28 फरवरी को प्राप्त हुआ था, जिसमें यह संकेत दिया गया था कि कोच्चि में रुकना अत्यावश्यक है क्योंकि पोत में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो गई थीं। पोत को एक मार्च को खड़ा होने की अनुमति दी गई और चार मार्च को यह कोच्चि में खड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि इसके चालक दल के 183 सदस्य कोच्चि स्थित नौसैन्य परिसरों में ठहरे हुए हैं।

### रूस ने ईरान को दी जानकारी, अमेरिकी सेना पर हमला करने में मिलेगी मदद

- दोनों देशों में पहले से हैं दोस्ताना संबंध

**वाशिंगटन।** रूस ने ईरान को ऐसी जानकारी प्रदान की है जिससे उसे क्षेत्र में अमेरिकी युद्धपोतों, विमानों और अन्य संपत्तियों पर हमला करने में मदद मिल सकती है। दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दोनों अधिकारियों को इस संवेदनशील मामले पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है और उन्होंने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि रूस, ईरान को दी गयी जानकारी के संबंध में क्या निर्देश दे रहा है। उन्होंने कहा कि फिर भी, ऐसे संकेत हैं कि रूस ने उस युद्ध में शामिल होने की कोशिश की है जिसे अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ शुरू किया है। रूस उन देशों में से एक है जिनके ईरान के साथ दोस्ताना संबंध हैं।

# अयोध्या में अमिताभ बच्चन ने 35 करोड़ की ली तीसरी जमीन

अयोध्या कार्यालय



- पहले भी कर चुके हैं दो बार निवेश, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप से सरयू तट पर खरीदी 2.67 एकड़ जमीन

अमृत विचारः सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने रामनगरी में तीसरी बार जमीन में बड़ा निवेश किया है। अमिताभ ने सरयू के किनारे द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप से लगभग 35 करोड़ की (2.67 एकड़) जमीन खरीदी है। जमीन की रजिस्ट्री करवाने का काम शुक्रवार को पूरा हो गया। इसके पहले भी सिने जगत के सुपर स्टार अमिताभ ने लोढ़ा ग्रुप से ही जमीन खरीदी हैं। यह जमीन सरयू तट के पास विकसित हो रहे क्षेत्र में खरीदी गई है।

महानायक शुक्रवार को स्वयं यहां नहीं आए थे। जमीन खरीद की पूरी प्रक्रिया एबी कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश यादव के माध्यम से संपन्न कराई गई। रजिस्ट्री की कार्रवाई प्रभारी उपनिबंधक कार्यालय सदर मस्त राम गुप्ता ने पूरी कराई। कार्यालय के मुताबिक लगभग 35 करोड़ की जमीन की लिखापढ़ी का काम पूरा हो गया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद राम नगरी में धार्मिक पर्यटन बढ़ा है। इसके साथ रियल स्टेट का कारोबार भी तेजी से फल फूल रहा है। इसका कारण यातायात की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर में भी वृद्धि है। पूरी दुनिया से लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। बिल्डरों की निगाह भी अयोध्या पर है। अमिताभ ने उसी विकसित हो रहे क्षेत्र में ढाई एकड़ से ज्यादा जमीन ली है। हालांकि बॉलीवुड एक्टर का अभी इस बारे में कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### मई 2025 में 40 करोड़ में खरीदा था 25,000 वर्ग फुट का प्लॉट

सूत्र बताते हैं कि अमिताभ अयोध्या की ओर लगातार रुख कर रहे हैं। महानायक भूमि को केवल धन के रूप में नहीं, बल्कि एक विरासत के रूप में देखते हैं। शायद इसी वजह से अयोध्या में उनका तीसरा निवेश है। मई 2025 में दिग्गज अभिनेता ने और हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से सरयू के बगल में लगभग 40 करोड़ रुपये में 25,000 वर्ग फुट का एक प्लॉट खरीदा था। इससे पहले, 2024 में उन्होंने अयोध्या में होआबल एबीएल से सरयू में 14 .5 करोड़ रुपये में 10,000 वर्ग फुट का एक प्लॉट खरीदा था।

# भाजपा बंगाल में एक करोड़ नाम हटाने की रच रही साजिश

कोलकाता, एजेंसी



- ममता ने कहा- हर रोज अधिकारियों को फोन कर धमकाते हैं अमित शाह
- ज्ञानेश कुमार अभी वैनिश कुमार, जल्द हो जाएंगे फिनिश कुमार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर विधानसभा चुनाव जीतने के लिए एसआईआर के जरिए राज्य की मतदाता सूची से एक करोड़ से अधिक लोगों के नाम हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। एक साक्षात्कार में ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अपनी पार्टी के इस एजेंडे को पूरा करने के लिए दो वरिष्ठ अधिकारियों को धमकाने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के तहत तार्किक विसंगति की आड़ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बड़ी संख्या में महिलाओं, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के लोगों, मुसलमानों और बिहारी जैसे भाषाई समुदायों के नामों को हटा दिया है, जो 2002 के बाद दशकों से राज्य में मतदान करते आ रहे हैं। राज्य में इससे पहले 2002 में एसआईआर हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा इस बार मतदाता सूची से 1.3 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाने की योजना बना रही है लेकिन हम लड़ेंगे और ऐसा नहीं होने देंगे। मुझे पता है कि यह एक राजनीतिक लड़ाई है। मतदाता सूची से वास्तविक मतदाताओं के नाम गायब करने में भूमिका के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को "वैनिश कुमार" बताते हुए उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में "फिनिश कुमार" बन जाएंगे। उन्होंने संकेत दिया कि उनका कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो जाएगा।

ममता बनर्जी ने कहा, बंगाल में चुनाव आयोग के दो प्रतिनिधि भी लोगों को मतदान करने से रोकने की शाह की साजिश में शामिल हैं। मुझे जानकारी मिली है कि अमित शाह लगभग हर दिन अधिकारियों को फोन कर उन्हें धमकी दे रहे हैं। शाह और कुमार को महिला विरोधी बताते हुए कहा, शादी के बाद महिलाएं पैतृक पता बदल लेती हैं, कई बार ससुराल वालों का उपनाम भी अपना लेती हैं। क्या आयोग को यह बात पता नहीं है। शाह और कुमार ने लाखों ऐसी महिलाओं के नाम तार्किक विसंगति में शामिल करके महिला-विरोधी रवैया दिखाया है।

# भारतीय न्यूज चैनलों की किरकिरी, टीआरपी की रिपोर्टिंग पर लगी रोक

दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय न्यूज चैनलों की एक बार फिर किरकिरी हुई है। सरकार ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) को निर्देश दिया कि वह चार सप्ताह की अवधि या अगले आदेश तक के लिए टीवी न्यूज चैनलों के टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग को तत्काल रोक दे।

यह निर्देश इसलिए जारी किया गया है क्योंकि कुछ न्यूज चैनल इजराइल-ईरान संघर्ष के बारे में अनावश्यक सनसनीखेज और अटकलबाजी पर आधारित सामग्री दिखा रहे हैं, इससे आम लोगों विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले या संघर्ष क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच घबराहट पैदा होने की आशंका है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 16 जनवरी, 2014 को टेलीविजन रेटिंग के लिए जारी भारत में टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नीति दिशानिर्देश के अनुसार ''बार्क'' एक पंजीकृत टेलीविजन रेटिंग एजेंसी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने निर्देश में कहा कि उसने पाया है कि इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच कुछ न्यूज चैनल सनसनीखेज और गलत तथ्यों पर आधारित सामग्री'' दिखा रहे हैं।

**रायसीना डायलॉग** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा– संक्षिप्त और निर्णायक युद्धों का युग आने की उम्मीद बेमानी

# रक्षा औद्योगिक परिसर के निर्माण के साथ होना होगा हाईटेक

नई दिल्ली, एजेंसी



विश्व में जारी विभिन्न संघर्षों के मद्देनजर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि देशों को अपने औद्योगिक परिसर का निर्माण करना होगा, उत्पादन के साथ प्रौद्योगिकी का भी उन्नयन करना होगा और त्वरित अनुकूलन के लिए तैयार रहना होगा। नौसेना प्रमुख यहां जारी 'रायसीना डायलॉग' में 'शांति के शिल्पकारः उदार व्यवस्था के लिए आयुध कारखाने' विषय पर एक सामूहिक चर्चा में बोल रहे थे।

संवाद के दौरान उनसे विश्व के विभिन्न हिस्सों में हाल के संघर्षों से मिले सबक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं भूराजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा लेकिन जो बात स्पष्ट रूप से सामने आई है और जिसे हमने विश्व भर में विशेष रूप से पिछले तीन-चार वर्षों में देखा है, वह यह है कि यह संक्षिप्त और निर्णायक युद्ध का विचार सवालों के घेरे में आ सकता है। उन्होंने कहा कि जिसे शीत युद्ध के बाद की शांति का लाभ माना जाता था, वह निश्चित रूप से समाप्त हो गया है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, इसलिए देशों को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तैयार रहना होगा और इस स्थिति में उन्हें अपना औद्योगिक परिसर भी बनाना होगा। अधिकांश देश किसी न किसी रूप में, व्यक्तिगत रूप से या अन्य देशों के साथ साझेदारी में ऐसा कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी में हो रहे तेज बदलाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, हमें उत्पादन के साथ खुद को भी उन्नत करना होगा। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के सदस्यों के साथ पैनल साझा करते हुए एडमिरल ने यह भी कहा कि देशों को तीव्र अनुकूलन स्थापित करने की आवश्यकता है।

### उम्मीद है भारतीय नौसेना जल्द आत्मनिर्भर होगी

दर्शकों की ओर से भारतीय रक्षा उद्योग पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नौसेना स्वदेशी समाधानों पर विचार कर रही है। कुछ विशिष्ट प्रौद्योगिकियां हैं जिन पर हम कुछ संरचित कार्यप्रणालियों के तहत अपने साझेदार देशों के साथ काम कर रहे हैं। इसलिए यह स्वदेशी उत्पादन और विकास को बढ़ावा देने के साथ सह-विकास, सह-उत्पादन और ' 'मेक इन इंडिया' ' के संदर्भ में अपने भागीदारों के साथ काम करने का एक संयोजन है। हम अच्छी स्थिति में हैं, और हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारतीय नौसेना आत्मनिर्भर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया की संयुक्त क्षमता समूह की प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल ने कहा, पूरी दुनिया क्षमता की तलाश में है, दुनिया को अधिक हथियार चाहिए, उन्हें अधिक सैन्य प्लेटफॉर्म चाहिए, लेकिन एक उद्योग की ओर से प्रदान की जा सकने वाली क्षमता की एक सीमा होती है।

# कांग्रेस नेताओं ने खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को ईरानी दूतावास पहुंचकर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर संवेदना प्रकट की। पार्टी के विदेश विभाग के प्रमुख सलमान खुर्शीद और कई अन्य नेताओं ने ईरानी दूतावास में शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर किए। इन नेताओं में खुर्शीद के अलावा कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पार्टी नेता हसन अहमद और अली मेहंदी शामिल थे। बीती 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी।

